# बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

## प्रेस ब्रिफिंग

- एकीकृत 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से उम्मीदवारों को चयनित करने के लिए 17 विभागों के द्वारा विभिन्न पदों के लिए कुल 1929 पदों हेतु अधियाचना प्राप्त हुई है, जिसमें से अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए–799, महिलाओं के लिए–604 पद, स्वतंत्रता सेनानी के पोता / पोती / नाती / नतीनी के लिए–34 तथा दिव्यांगों के लिए–66 पद हैं।

| क्र॰ सं॰ | पद का नाम | वेतनमान | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | अनुमंडल पदाधिकारी / वरीय उप समाहर्त्ता (बिहार प्रशासनिक सेवा) | Level-9 | 200 |
| 2 | पुलिस उपाधीक्षक (बिहार पुलिस सेवा) | Level-9 | 136 |
| 3 | राज्य कर आयुक्त (बिहार वित्त सेवा) | Level-9 | 168 |
| 4 | विभिन्न विभागों के पदों की रिक्ति | Level-9 | 174 |
| 5 | ग्रामीण विकास पदाधिकारी (बिहार ग्रामीण विकास सेवा संवर्ग) | Level-7 | 393 |
| 6 | राजस्व अधिकारी (बिहार राजस्व सेवा) | Level-7 | 287 |
| 7 | आपूर्ति निरीक्षक (बिहार आपूर्ति सेवा) | Level-7 | 233 |
| 8 | प्रखण्ड अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण पदाधिकारी (अनु॰ जाति एवं अनु॰ जनजाति कल्याण विभाग) | Level-7 | 125 |
| 9 | विभिन्न विभागों के पदों की रिक्ति | Level-7 | 213 |
| | कुल पद | | 1929 |

- प्रारंभिक परीक्षा आयोजन के पूर्व अधियाची विभागों से प्राप्त होने वाली अधियाचना को शामिल किया जा सकता है तथा संशोधन होने पर प्रकाशित रिक्ति पदों की संख्या घट–बढ़ सकती है।
- उक्त परीक्षा के लिए Level-9 के कुल–678 पदों एवं Level-7 के कुल–1251 पदों की रिक्ति प्राप्त है।
- न्यूनतम उम्र सीमा दिनांक–01.08.2024 को पुलिस उपाधीक्षक एवं जिला समादेष्टा के लिए 20 वर्ष एवं शेष Level-9 के पदों के लिए 22 वर्ष तथा Level-7 के पद के लिए 21 वर्ष होगी।
- अधिकतम उम्र सीमा दिनांक–01.08.2024 को अनारक्षित पुरूष अभ्यर्थियों के लिए–37 वर्ष, अनारक्षित महिला, पिछड़ा वर्ग एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (पुरूष एवं महिला) के लिए–40 वर्ष तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति (पुरूष एवं महिला) के लिए–42 वर्ष। दिव्यांगों अभ्यर्थियों के लिए–10 वर्ष की छूट अधिकतम उम्र सीमा में देय है।
- एकीकृत 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक अथवा समतुल्य परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- [illegible]रीक्षा शुल्क के लिए अनारक्षित पुरूष अभ्यर्थियों के लिए– 600 रूपये एवं शेष सभी [illegible] [illegible]लेए 150 रूपये भुगतान करना अनिवार्य है।